# ननि को लगाया 3 .5 करोड़ का चूना

## लीज की भूमि पर बना दिया अस्पताल, तहसीलदार से सांठगांठ कर अपने नाम कराया

**जबलपुर, 7 फरवरी. जॉय एजूकेशन सोसायटी के चेयरमेन अखिलेश मेबन व तत्कालीन तहसीलदार पर ईओडब्ल्यू जबलपुर ने एफआईआर दर्ज कर ली है.**



दरअसल नगर निगम से लीज पर मिली भूमि को तहसीलदार से सांठगांठ कर अवैध रूप से अपने नाम कराया. शैक्षणिक कार्य के लिये मिली लीज की भूमि पर अस्पताल बना नगर निगम को 3.5 करोड़ का चूना लगाया गया है. जॉय एजूकेशन सोसायटी चेयरमेन अखिलेश मेबन को शासन की रियायती दरों पर 7500 वर्गफुट की भूमि नगर निगम जबलपुर के अंतर्गत प्लाट नं- 440 डायवर्सन शीट नं-152 सी शैक्षणिक कार्य के लिए 30 वर्षे की लीज पर आवंटित की गई थी. अखिलेश मेबन द्वारा नगर निगम जबलपुर की बिना अनुमति के उस पर अस्पताल निर्माण का कार्य वर्तमान में कराया जा रहा था. उक्त निर्माण कार्य के प्रारंभ होते ही अखिलेश मेबन चेयरमेन जॉय एजुकेशन सोसायटी द्वारा आधारताल के तत्कालीन तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर नगर निगम जबलपुर को धोखे में रखकर शैक्षणिक कार्य हेतु दी गई उपरोक्त भूमि का मालिकाना हक बिना किसी वैधानिक दस्तावेज के कर लिया. जबलपुर शहर के महत्वपूर्ण व्यवसायिक इलाके में स्थित यह भूमि कलेक्टर गाईड लाइन के मुताबिक वर्तमान में लगभग 3.50 करोड़ रुपये की है.

> आरोपी अखिलेश मेबन द्वारा तहसीलदार हरि सिंह धुर्वे से आपराधिक षड़यंत्र करके शासन को कम से कम 3 .50 करोड़ रुपये की क्षति कारित किया जाना प्रमाणित पाया गया. आरोपी अखिलेश मेवन द्वारा स्कूल चलाने के लिए कीमती शासकीय भूमि लीज पर लेकर जिसमें स्कूल संचालित नहीं किया गया और इस भवन के मूल स्वीकृत नक्शा के विपरीत अस्पताल बनाया गया.

## कनिष्ठ की तरह वरिष्ठ को भी प्रदान करें लाभ : हाईकोर्ट

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड को निर्देशित किया है कि याचिकाकर्ता को 13 जनवरी 2006 (जिस तिथि से कनिष्ठ को दिया प्रमोशन) से सहायक सचिव पद पर पदोन्नति का लाभ दें. कोर्ट ने कहा कि पदोन्नति के अनुसार याचिकाकर्ता को सभी अनुषांगिक लाभ दिए जाएं. सागर निवासी एसबीएस कौरव की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा. उन्होंने बताया कि विभाग ने उक्त पद पर पदोन्नति के लिए ग्रेडेशन लिस्ट जारी की थी. सूची में याचिकाकर्ता का जूनियर श्याम बिहारी शर्मा से ऊपर था.

# विकसित भारत के लिए संकल्प है बजट

- भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्वालियर पहुंचे




**ग्वालियर, 7 फरवरी. केन्द्र की मोदी सरकार का बजट इस बार हर क्षेत्र में उपलब्धि लायेगा. बजट से किसान जहां और अधिक समृद्ध होगा.**

वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में भी काफी काम होंगे. यह बात शनिवार को भाजपा किसान मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजकुमार चाहर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही. भाजपा नेतृत्व द्वारा मोदी सरकार के बजट की उपलब्धियां जन जन को बताने के अभियान के तहत ग्वालियर आये सांसद चाहर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आर्थिक और समृद्धशाली व विकसित भारत बनाने के लिये 2047 का संकल्प लिया है, उसी के तहत यह बजट एक सार्थक प्रयास है. सांसद चाहर ने कहा कि सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के बाद से सेना को मजबूत करने के लिए बजट में 7 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है. उन्होंने केंद्र सरकार की एवं बजट की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास सभी क्षेत्रों में मजबूती देने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि यह बजट युवा शक्ति को मजबूती प्रदान करने वाला है और गांव, गरीब किसान, मजदूर, महिलाएं, एससी-एसटी, ओबीसी सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुये सबका साथ सबका विकास इसको चरितार्थ करने वाला बजट है.


उन्होंने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं कि वैश्विक स्थिति इस प्रकार की है विश्व की अर्थव्यवस्था को लेकर अनेक प्रकार की चुनौतियां हैं उन चुनौतियों को लेकर एक जन कल्याणकारी बजट पेश किया गया है.

# ऑडी ने बाइक को रौंदा, 3 लोगों की मौत

- भगवान को शादी का पहला निमंत्रण कार्ड देने जा रहे थे
- तीनों मृतक एक ही परिवार के थे सदस्य

**रीवा, 07 फरवरी. तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए. तीनों सवार उछलकर दूर जा गिरे. हादसे में पिता, छोटे बेटे और भांजी की मौके पर मौत हो गई.**

यह दर्दनाक हादसा शनिवार दोपहर रीवा-रायपुर मार्ग पर कोष्टा गांव के पास हुआ. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रायपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही ऑडी कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी. टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में मारे गए लोगों को वाहन से बाहर निकाला.



> हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान भागवत विश्वकर्मा, शिवम और शीतल के रूप में हुई है. तीनों एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं. पुलिस के अनुसार, भागवत विश्वकर्मा के बेटे शुभम की 25 फरवरी को शादी तय थी. हिंदू परंपरा के अनुसार शादी का पहला निमंत्रण भगवान को अर्पित किया जाता है. इसी रस्म को निभाने के लिए परिवार बाइक से चिरहुला नाथ मंदिर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया. ऑडी कार को जब्त कर लिया गया है, जबकि हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया. पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

## 5 .19 लाख का गांजा समेत तस्कर पकड़ाया

**जबलपुर, 7 फरवरी.** क्राईम ब्रांच एवं गोरखपुर पुलिस ने कार्यवाही कर नयागांव जंगल रोड में दबिश देकर मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 10 किलो 380 ग्राम गांजा कीमती 5 लाख 19 हजार रूपये का जप्त किया गया है. पकड़े गए आरोपी आदित्य उर्फ आदी विश्वकर्मा 19 वर्ष निवासी सिंधी केम्प भवानी चौक थाना हनुमानताल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त गांजा कहां से और कैसे प्राप्त किया इसके सम्बंध में पूछताछ की जा रही है.

# दूल्हा-दुल्हन की हेलीकॉप्टर से हुई विदाई

**जिलेभर में हो रही शाही शादी की चर्चा**

**पन्ना, 07 फरवरी. जिले में 6 फरवरी को हुई शाही शादी पूरे शहर मे चर्चा का विषय बनी है.**

जिले मे पहली बार गांव से दूल्हा अपने अजयगढ़ तहसील स्थित ग्राम पिस्टा से हेलीकॉप्टर मे पन्ना आया और स्थानीय शानवी लैंड होटल मे धूमधाम से शादी हुई और आज दुल्हन को विदाकर वापस अपने गांव हेलीकॉप्टर से ले गया. दूल्हा नितिन पांडे अपनी दुल्हनिया को लेने के लिए किसी सड़क मार्ग से नहीं, बल्कि आसमान के रास्ते हेलीकॉप्टर से रवाना हुआ. कांग्रेस नेता ने पूरा किया बेटे का अरमान:- पिस्टा निवासी कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भारत मिलन पांडे ने अपने बेटे नितिन की शादी को यादगार बनाने के लिए भारी भरकम रकम खर्च कर विशेष रूप से हेलीकॉप्टर मंगवाया.




> जैसे ही गांव के आसमान में हेलीकॉप्टर की गड़गड़ाहट सुनाई दी, पूरे गांव का हुजूम हेलीपैड की ओर उमड़ पड़ा. लोग दूल्हे राजा और फिर हेलीकॉप्टर से विदा होकर आई दुल्हनिया को देखने के लिए बेताब दिखे. जिले में यह अपनी तरह का पहला मामला बताया जा रहा है जहाँ बारात सीधे हेलीकॉप्टर से रवाना हुई और दुल्हन की विदाई भी उसी शान से की गई. यह शादी अब न केवल गांव बल्कि पूरे जिले में चर्चा का केंद्र बनी हुई है. भारत मिलन पांडे (दूल्हे के पिता) ने बताया कि बेटे की शादी को खास बनाना चाहता था, यह खुशी का पल है.

## पूर्व एसडीओपी पूजा पांडे के बहनोई वीरेन्द्र को मिली जमानत

**जबलपुर, 07 फरवरी.** हाईकोर्ट के जस्टिस डीएन की एकल पीठ ने सिवनी जिले में घटित 2.97 करोड़ रुपये के हवाला लूट कांड के एक आरोपी वीरेंद्र दीक्षित को नियमित जमानत दी है. दरअसल अक्टूबर 2025 में सिवनी के लखनादौन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से लगभग 3 करोड़ रुपये की अवैध हवाला राशि जब्त होने का दावा किया था. हालांकि, बाद में यह मामला पुलिस की साजिश के रूप में उभरा, जब आरोप लगा कि पुलिस टीम ने जब्त राशि का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 1.5 करोड़ रुपये) स्वयं हड़प लिया. इस घटना में तत्कालीन एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है.



**मेले में वायुसेना के बैण्ड ने दी प्रस्तुति**

**ग्वालियर, 07 फरवरी.** हिंदुस्तान मेरी जान गीत के साथ वायुसेना के बैण्ड ने मेले में प्रस्तुति की शुरूआत की. ग्वालियर व्यापार मेले में वायुसेना के बैण्ड द्वारा दी गई रोमांटिक गानों की शानदार धुन को सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए. ग्वालियर व्यापार मेले में वायुसेना के बैण्ड का अलग ही रंग सैलानियों को देखने को मिला.

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का दबाव, केस दर्ज

**शुजालपुर, 7 फरवरी. शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और बाद में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है.**

लगभग 22 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ग्राम जामनेर शुजालपुर निवासी असद अंसारी पिता समद अंसारी एवं उसके भाई फरीन अंसारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2025 में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान असद अंसारी से हुई.

बातचीत के दौरान असद ने शादी का भरोसा दिलाया और जान-पहचान बढ़ी. 12वीं कक्षा की पढ़ाई के दौरान वह कई बार जामनेर गांव गया, जहां आरोपी ने उसे अपने प्रेमजाल में फं साकर शारीरिक संबंध बनाए. पीड़िता के अनुसार आरोपी उसे भोपाल, उज्जैन सहित अन्य स्थानों पर ले गया, जहां अलग-अलग जगहों पर शारीरिक शोषण किया गया. जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगा. आरोपी ने उससे धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनने का दबाव बनाया और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी.

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी के भाई फ रीन अंसारी ने भी उसे डराया धमकाया और पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया. घटना से मानसिक रूप से प्रताड़ित पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई.


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकी खंड, झाबुआ**

Ph.No. (07392) 244306 Email-eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 37 / प्रोक्योरमेन्ट सेल / 25-26 झाबुआ, दिनांक 02/02/26

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रियकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है।

| ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. लागत लाख में | प्रतिभूति राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_PHED _476974_1 | Supply of Tool & Plants for repairing of Handpump at central store Division JHABUA | 3.64 | 7280 | 2000 | 30 दिवस |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 14.02.2025 17.30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 14.02.2025 17.30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि - 16.02.2025 11.00 बजे तक

शर्ते :- 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्ते बंधनकारक होगी 2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाईन पर आवश्यक राशि का भुगतान इन्टरनेट बैकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते है।

G25466/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ


**एक नजर में**

## समग्र भारत के चतुर्दिक विकास का बजट : मिश्रा




**रीवा, 7 फरवरी.** रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा शनिवार को मऊगंज में केंद्रीय बजट-2026 को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समग्र भारत के चतुर्दिक विकास का बजट प्रस्तुत किया है. केंद्रीय बजट 2026 देश की जनता के प्रति सरकार के कर्तव्यों को पूरा करने वाला डॉक्यूमेंट है. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 240 कल्याणकारी योजनाओं के साथ केंद्र सरकार देश की 145 करोड़ जनता के हितों के लिए कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि आजाद भारत के बाद यह पहला बजट है जब कर्तव्य भवन में बैठकर तीन कर्तव्यों वाला बजट बनाया गया है. सांसद ने सवालों के जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की उनकी परिकल्पना से हमारा देश आज विश्व के सबसे बड़े और विकसित देशों का विकास के मामले में सीधा मुकाबला कर रहा है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में भारत का बजट 16.65 लाख करोड़ का प्रस्तुत किया गया था. वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने 17.95 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया. इस साल 53 लाख 50 हजार करोड़ का बजट केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है. यह बजट राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा. रीवा सांसद ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बताई चार जातियों गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व शक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं. यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है.

## 21 पटवारियों का लापरवाही बरतने पर कटेगा वेतन

**रतलाम.** कार्य में लापरवाही, दस प्रतिशत से कम कार्य पूर्ण होना या काम में प्रगति नहीं होने पर 21 पटवारियों पर गाज गिरी हैं. ऐसे लापरवाह पटवारियों का वेतन काटा जाएगा. कलेक्टर ने जनपद पंचायत बाजना में फार्मर रजिस्ट्री एवं गिरदावरी कार्य की समीक्षा बैठक ली थी. इस दौरान पटवारियों द्वारा कार्य में लापरवाही एवं शून्य प्रगति अथवा दस प्रतिशत से कम कार्य पूर्ण होना पाया गया. काम में प्रगति न होने से तहसीलदार बाजना मनीष जैन द्वारा 21 पटवारी संदीप केलवा, संजय यादव, मानसिंह पंवार, सुनील निनामा, श्रीमती राधा डाबी, संजय कुमार मौर्य, रेखा चारेल आदि शामिल हैं., हितेश गोठवाल, परमानंद खदेड़ा, बसंतीलाल मईडा, हितेश सिंह गुर्जर, रोहित गुर्जर, मिहिर, मयंक रत्नावत, ऋतुराज पंवार, राजेश पालिया, श्रीमती सीमा राठौर, विपिन रॉय, सैय्यद हुसैन, श्रीमती सोनिया चौहान एवं सुशील सिंगाड़ का एक दिवस का वेतन आहरण रोका गया है.


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**ड्रेनेज विभाग**

विज्ञप्ति क्रमांक: 85 **निविदा सूचना** दिनांक: 03.02.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_480176 03-02-2026 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अंतर्गत स्थित ब्रजेश्वरी एन.एक्स. म.नं. 94, सांई विहार अपार्टमेंट वाली गली से छाया अपार्टमेंट तक एवं अम्बिका अपार्टमेंट पार्श्वनार्थ पान भण्डार तक नई बड़ी ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹19,17,464/- | ₹2,000/- ₹14,400/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 02 | 2026_UAD_480177 03-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 02 के अंतर्गत लोहा गेट रोड की गलियों के सामने (ब्रांच रोड) पर ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹45,01,492/- | ₹5,000/- ₹33,800/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 03 | 2026_UAD_480178 03-02-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 के अंतर्गत ब्रजनयनी कॉलोनी सेक्टर डी में नई ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹10,30,635/- | ₹2,000/- ₹7,800/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 04 | 2026_UAD_480179 03-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 के अंतर्गत स्कीम नं 71 म.नं. 851-बी से म.नं. 273 के ए जीरा फेक्ट्री तक पुरानी व क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹45,53,533/- | ₹5,000/- ₹32,700/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 05 | 2026_UAD_480180 03-02-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 39 के खिजराबाद की मामा सरिया वालों के घर के सामने अमूल डेरी खालिद भाई के घर के पीछे जेनिथ पब्लिक/पानी की टंकी के आसपास निगम निधी से ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹14,55,481/- | ₹2,000/- ₹11,000/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 06 | 2026_UAD_480182 03-02-2026 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 46 के अंतर्गत पंचम की फेल स्थित बजरंग मंदिर से सुलभ कॉम्पलेक्स तक एवं आसपास की गलियों में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹21,45,039/- | ₹5,000/- ₹16,100/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 07 | 2026_UAD_480183 03-02-2026 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 37 के अंतर्गत तुलसी नगर सेक्टर बी में 98 बी से 109 नं तक ड्रेनेज लाईन डालना। | 8 माह ₹65,85,580/- | ₹10,000/- ₹49,400/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 08 | 2026_UAD_480184 03-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 71 के अंतर्गत उषा नगर मकान नं. 572 वालेकर अपार्टमेंट से 585 शनि मंदिर तक एवं बोब केफे 615 से 610 नमो सेण्डविच तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹38,83,336/- | ₹5,000/- ₹29,200/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 09 | 2026_UAD_480185 03-02-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत पालदा शक्ति मंदिर मकान नं. 187 प्रेमनारायण के घर से विनायक फोटोकॉपी आर.टी.ओ. मेन रोड तक, सतगुरू पाल के घर से आर.टी.ओ. मेन रोड तक एवं अन्य आवश्यक गलियों में ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹18,21,173/- | ₹2,000/- ₹13,700/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 10 | 2026_UAD_480187 03-02-2026 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 01 के अंतर्गत अंबार नगर कुंवर जी बिल्डिंग एवं बी.टी.एस. एवं आसपास की गलीयों में ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹11,99,180/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 11 | 2026_UAD_480188 03-02-2026 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 18,19 के अंतर्गत सांवेर रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया में क्षतिग्रस्त इटीपी एवं सीवर लाईन व क्षतिग्रस्त चेम्बर का संधारण कार्य करना। | 4 माह ₹17,62,380/- | ₹2,000/- ₹13,300/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 12 | 2026_UAD_480189 03-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 के अंतर्गत स्कीम नं. 71 सेक्टर ए मे पॉवर हाऊस के पास स्थित गार्डन के आसपास क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹29,47,119/- | ₹5,000/- ₹22,200/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 13 | 2026_UAD_480190 03-02-2026 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 14 के अंतर्गत सोमानी नगर गार्डन के पास 3 गलियों में 300 एम. एम. की ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹36,37,931/- | ₹5,000/- ₹27,300/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 14 | 2026_UAD_480192 03-02-2026 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 21 के अंतर्गत अभिनंदन नगर एवं भाग्य लक्ष्मी नगर के चैंबर की आर.सी.सी. जैकेटिंग करना एवं मेन लाईन से जोडना। | 4 माह ₹15,35,243/- | ₹2,000/- ₹11,600/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 15 | 2026_UAD_480202 03-02-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अंतर्गत एम.आर. 10 मुख्य मार्ग पर नवीन प्रायमरी सीवर लाईन डालते हुए कृष्ण बाग कॉलोनी बी सेक्टर के समीप स्थित क्षेत्र में नवीन सीवर लाईन डालना। | 12 माह ₹1,14,20,910/- | ₹12,500/- ₹57,200/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 16 | 2026_UAD_480204 03-02-2026 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत अंजली नगर में ध्वस्त बेक लाईन में ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹29,59,734/- | ₹5,000/- ₹22,200/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 17 | 2026_UAD_480206 03-02-2026 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 के अंतर्गत ब्रम्हपुरी कॉलोनी म.नं. 01 से भोलाराम उस्ताद मार्ग (भगतसिंह चाय) तक एवं 76/13 ब्रम्हपुरी से गणेश मंदिर तक एवं भीम हार्डिया के घर से भोलाराम उस्ताद मार्ग तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹24,15,562/- | ₹5,000/- ₹18,200/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 18 | 2026_UAD_480208 03-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 02 के अंतर्गत आमवाला रोड गली नं. 01 एवं 02 में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 4 माह ₹16,63,331/- | ₹2,000/- ₹12,500/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 19 | 2026_UAD_480210 03-02-2026 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अंतर्गत न्यू देवास रोड सोनारवाडा में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹10,68,621/- | ₹2,000/- ₹8,100/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 20 | 2026_UAD_480212 03-02-2026 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत सुन्दर नगर गली नं. 1 व 2 में ध्वस्त बेक लाईन में नवीन पाईप डालने डालकर बेकलेन सुधार कार्य। | 4 माह ₹19,86,277/- | ₹2,000/- ₹14,900/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 21 | 2026_UAD_480214 03-02-2026 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 37 के अंतर्गत सरस्वती माता मंदिर आर.आर. एवेन्यू रोड से प्रायमरी सीवर लाईन तक नवीन सीवर लाईन डालना। | 12 माह ₹1,98,81,208/- | ₹12,500/- ₹99,500/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 22 | 2026_UAD_480215 03-02-2026 | झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36 के अंतर्गत श्रीनाथ पैलेस में ध्वस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 8 माह ₹71,42,286/- | ₹10,000/- ₹53,600/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 23 | 2026_UAD_480216 03-02-2026 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 72 के अंतर्गत महावर नगर राम मंदिर के आसपास समस्त गलियों में नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹30,37,117/- | ₹5,000/- ₹22,800/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 24 | 2026_UAD_480218 03-02-2026 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अंतर्गत अम्बेडकर नगर मेनरोड एवं ब्रांच गलियों में ड्रेनेज लाईन डालना। | 6 माह ₹22,73,337/- | ₹5,000/- ₹17,100/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |
| 25 | 2026_UAD_480251 03-02-2026 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत सुन्दर नगर चौराहे से सेक्टर ए तौल कॉटा 40 फीट मेन रोड पर ड्रेनेज लाईन डालने का कार्य करना। | 6 माह ₹33,07,268/- | ₹5,000/- ₹24,900/- | 05-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 06-03-2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर